आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, वीरवार 13 फरवरी 2025

वंदे भारत 24

भारत के मन की बात



@vandebharat24 vandebharat24 @vandebharat24news www.vandebharat24.com

# दिल्ली में जीरो, जीरो और जीरो

## अब सिख दंगों की आंच, पंजाब में बुरी तरह फेल हो जाएगा कांग्रेस का प्लान!

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब में 2027 में विधानसभा चुनाव है. अभी आम आदमी पार्टी की सरकार है. उससे पहले कांग्रेस की ही थी. दिल्ली हारते ही आप की सियासी गाड़ी लड़खड़ाती दिख रही है. दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की हार के बाद पंजाब की सियासत में हलचल के संकेत हैं. कांग्रेस मौके की ताक में है. उसे यकीन है कि आप में खेला होगा तो उसकी राहें आसान होंगी. पर अभी कांग्रेस वेट एंड वॉच की स्थिति में है. वह आम आदमी पार्टी में टूट का इंतजार कर रही है. वह अभी से ही पंजाब की सत्ता की वापसी का प्लान करने में लगी है. मगर यह इतना आसान कहां. उसके सामने अब एक नई मुसीबत आई है.

जी हां, 1984 सिख दंगे से जुड़े केस में कांग्रेस के दिग्गज नेता सज्जन कुमार दोषी करार दिए गए हैं. यह कांग्रेस के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है. कारण कि पंजाब में सिखों की बहुलता है. सिख जो चाहते हैं, वही होता है.

ऐसे में कांग्रेस के दिग्गज नेता का दोषी पाए जाना सिख वोटरों से कांग्रेस को दूर कर सकता है. पहले तो दिल्ली में लगातार तीन बार ( 2015, 2020, 2025 ) कांग्रेस शून्य पर आउट हुई. अब कांग्रेस पंजाब प्लान की राह में सिख दंगा वाला रोड़ा आ गया है. सिख दंगों की आंच से कांग्रेस का बचना बहुत मुश्किल लग रहा है. अब पंजाब की सियासत में कांग्रेस को घेरने का भाजपा के पास भी मौका है.



कांग्रेस को झटके ही झटके

### कांग्रेस का प्लान होगा फेल?

भले ही भाजपा अब तक पंजाब में उतनी मजबूत नहीं रही है. मगर उसके लिए सज्जन कुमार को दोषी होना सियासी हथियार हो सकता है. अब भाजपा कह सकती है कि कांग्रेस के सज्जन ने ही सिखों को मौत के घाट उतारा.

इसका असर चुनाव में हो सकता है. भाजपा अक्सर शिरोमणी अकाली दल के साथ चुनाव लड़ती रही है. मगर पिछले चुनाव में वह अकेली थी. नतीजा हुआ कि भाजपा 2 सीटें जीत पाई, जबकि अकाली दल 3. आम आदमी पार्टी को बंपर 92 और कांग्रेस को 18 सीटें मिलीं. कांग्रेस मुक्त अभियान में भाजपा के लिए पंजाब में जीत दर्ज करना अहम है. दिल्ली तो 27 साल बाद भाजपा जीत गई, अब पंजाब की बारी है.

### भाजपा जमीन तैयार करनें में जुटी

भाजपा पंजाब में अभी से जमीन तैयार करने में जुट गई है. वह यह बताने की कोशिश में जुट गई है कि वह शिरोमणि अकाली दल की पिछलग्गू नहीं है. हालांकि, सियासत में कुछ भी संभव है. पंजाब में भाजपा अब सबको साधने में जुटी है. चुनाव से पहले फिर भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के बीच गठबंधन की सुगबुगाहट शुरू है. अगर दोनों साथ ताए हैं तो यह कांग्रेस के साथ-साथ आम आदमी पार्टी के लिए भी चुनौती होगी. इसका करण है कि एसजीपीसी हमेशा अकालियों के साथ रहे हैं. ऐसे में कांग्रेस की राह आसान नहीं है. अब देखने वाली बात होगी कि कांग्रेस इस परसेप्शन को कैसे खत्म करेगी कि कांग्रेस नेता सज्जन सिंह ने ही सिखों की हत्या करवाई?

# माघ पूर्णिमा पर दो करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** पवित्र त्रिवेणी के तट पर बुधवार को माघी पूर्णिमा के शुभ योग में आस्था, संस्कृति और एकता का महासंगम दिखा। आस्था के इस महासमागम में भक्तों ने पावन संगम में स्नान-ध्यान, दान-पुण्य कर कामना की।

इस अवसर पर दो करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई। स्नानार्थियों की सुविधा के लिए, शासन, प्रशासन और पुलिस मुस्तैद रही। स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में अपने आवास स्थित वार रूम से नजर बनाए रखे। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को संगम नगरी से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है।



शहर को स्वच्छ करने में लगे सफाई कर्मी प्रमुख चौराहों, सड़कों और आंतरिक गलियों में कूड़े का तिनका-तिनका बिन कर श्रद्धालुओं के बीच सफाई की मिसाल पेश कर रहे हैं। दिन और रात में सफाई के लिए स्पेशल टीम बनाई गई है।

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525




आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247





श्री गुरु रविदास जी के 648 वे प्रकाश उत्सव पर रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया बूटा मंडी में स्थित श्री गुरु रविदास धाम।




## सरपंच के बेटे की शादी में चली दनदना गोलियां, डीजे पर चल रहा था भंगड़ा, तभी होने लगी फायरिंग

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** पंजाब की भगवंत मान सरकार ने गन कल्चर को लेकर सख्ती दिखाते हुए करीब तीन साल पहले हथियारों के प्रदर्शन पर रोक लगा दी थी। पंजाब सरकार ने इसको लेकर गाइडलाइन जारी भी की थी। गाइडलाइन में कहा गया है कि हथियारों का सार्वजनिक प्रदर्शन सख्त वर्जित होगा। बावजूद अभी भी पंजाब में हर्ष फायरिंग की घटनाएं हो रही हैं। समारोहों में जश्न मनाने के लिए फायरिंग किए जाने का सिलसिला थम नहीं रहा।



ताजा मामला होशियारपुर के गढ़दीवाला इलाके के गांव खुर्दां का है। गांव में एक शादी के दौरान डीजे पर बज रहे गानों की धुन पर नाच रहे कुछ नौजवानों ने अपने हथियारों से सरेआम लगातार कई राउंड हवाई फायरिंग की। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस भी एक्शन में आ गई है। पुलिस ने मामले में फायरिंग करने वालों के खिलाफ केस दर्ज किया है। दर्ज मामले के अनुसार गांव खुर्दां के सरपंच जसपाल सिंह के छोटे बेटे मनप्रीत सिंह की शादी में उसके परिजन और अन्य रिश्तेदार डीजे पर भंगड़ा डाल रहे थे।

इसी दौरान गांव खुर्दां निवासी गुरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी व उसके साथ 3-4 अज्ञात नौजवानों ने हवाई फायरिंग की, जिससे दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गुरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी व 3-4 अन्य नौजवानों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# धोखेबाज निकली पत्नी

## पति ने 45 लाख खर्च कर कनाडा भेजा, विदेश पहुंचते ही बदल गया इरादा, भेजा तलाक का नोटिस

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** ससुराल के 45 लाख रुपये खर्च करवा कनाडा गई पत्नी ने पति को पीआर करवाने की बजाए उसे तलाक का नोटिस थमा दिया। पति के कनाडा पहुंचने के 10 दिन बाद उसे छोड़ कर चली गई और घर का सारा सामान भी साथ ले गई। लुधियाना के हलवारा के गांव ढैपई निवासी गुरचरण सिंह ने बेटे तेजिंदर सिंह को कनाडा की पीआर दिलवाने के लिए बहू दान कौर को 45 लाख रुपये खर्च कनाडा भेजा था।

परेशान होकर गुरचरण सिंह ने जिला लुधियाना ग्रामीण पुलिस प्रमुख एसएसपी नवनीत सिंह बैंस को मामले की शिकायत दी। शिकायत की जांच में गुरचरण सिंह के आरोप सही पाए गए और अब जोधां पुलिस ने दान कौर उसकी मां सरबजीत कौर वासी खोखर जिला होशियारपुर और दान कौर के फूफा जसवीर सिंह वासी गांव बधाई के खिलाफ 45 लाख रुपये की ठगी करने का केस दर्ज किया है।

थाना जोधां के प्रभारी इंस्पेक्टर दविंदर सिंह ने बताया कि दान कौर कनाडा में है, उसकी मां सरबजीत कौर और फूफा जसवीर सिंह को गिरफ्तार करने के



लिए कानूनी नोटिस भेजे जा रहे हैं। दान कौर के खिलाफ कार्रवाई के लिए कनाडा स्थित भारतीय दूतावास और भारत स्थित कनाडा दूतावास को लिखा जा रहा है। दान कौर की एलओसी खोलने की कानूनी प्रकिया शुरू कर दी है।

### शादी के 15 दिन बाद कनाडा चली गई दान कौर

पीड़ित गुरचरण सिंह ने बताया कि उनके गांव ढैपई के बिचौलिए के माध्यम से 9 अगस्त 2023 को अपने बेटे तेजिंदर सिंह की शादी दान कौर के साथ की थी।

दान कौर को कनाडा भेजने से लेकर शादी पर आने वाला सारा खर्च किया। शादी से पहले बाकायदा एक एग्रीमेंट किया गया था, जिसमें उनके बेटे तेजिंदर सिंह को कनाडा की पीआर दिलवाने की शर्त रखी गई थी। शादी के 15 दिन बाद दान कौर कनाडा चली गई। 11 मार्च 2024 को उनका बेटा तेजिंदर भी कनाडा चला गया। तेजिंदर के कनाडा पहुंचने के 10 दिन बाद ही दान कौर उसे छोड़ कर चली गई और सारा सामान भी समेट कर ले गई। दान कौर ने तेजिंदर को पीआर करवाने की बजाए उसे तलाक का नोटिस थमा दिया।

### कनाडा में धक्के खा रहा बेटा

गुरचरण सिंह ने बताया कि उनका बेटा अब कनाडा में धक्के खाता फिर रहा है।

जबकि उनकी बहु दान कौर और उसका परिवार उनके 45 लाख रुपये भी वापस नहीं कर रहे हैं। दान कौर के फूफा जसवीर सिंह इस पूरी साजिश में उनका साथ देता रहा। पति-पत्नी के तलाक का मामला अभी कनाडा की अदालत में विचाराधीन है। गुरचरण सिंह ने अपनी शिकायत में कहा कि उनके पास सिर्फ 10 लाख रुपये थे। 45 लाख रुपये इकट्ठा करने के लिए 10 लाख का बैंक से लोन लिया और बाकी 25 लाख रुपये रिश्तेदारों और अन्य लोगों से ब्याज पर लिए थे। वो छोटे किसान हैं जिसके चलते उनका दूसरा बेटा दलजीत सिंह लुधियाना की फैक्ट्री में काम करता है।

### बिचौलिए पर भी दर्ज हो केस

उन्होंने पुलिस प्रशासन और सरकार से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि दान कौर उनके बेटे तेजिंदर को कनाडा में पीआर करवाए नहीं तो उनके 45 लाख रुपये वापस करे। गुरचरण सिंह ने बिचौलिए को भी मुकदमे में नामजद करने की मांग की है।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# पठानकोट में बस का एक्सीडेंटः 30 यात्री थे सवार, बुजुर्ग और महिला की हालत गंभीर, आधे घंटे तक नहीं आई एंबुलेंस

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पठानकोट में बुधवार दोपहर एक निजी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा पठानकोट के हलका भोया के गांव सुंदर चक्क के पास हुआ है। यहां सवारियों से भरी निजी बस दुर्घटना का शिकार हो गई। बस अनयंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे के समय बस में लगभग 30 यात्री सवार थे। इनमें से कई सवारियां घायल हुई हैं। वहीं, बस में सफर कर रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति और एक महिला गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायल बुजुर्ग गांव नंगल गांव का रहने वाला जग्गा है, जिनकी पसलियों में गंभीर चोट आई है।

बस पेड़ से टकराने की वजह से क्षतिग्रस्त हो गई है। बस का अगल हिस्सा चकनाचूर हो गया। हादसे के बाद पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की





लापरवाही भी देखने को मिली है। घटना की सूचना मिलने के बावजूद आधे घंटे तक न तो पुलिस मौके पर पहुंची और न ही कोई एंबुलेंस को घायलों की मदद के लिए भेजा गया। हादसे में घायल लोग दर्द से कराहते रहे।

बताया जा रहा है कि यह बस पठानकोट से ग्रामीण क्षेत्र नरोट जैमल सिंह जा रही थी। जैसे ही यह गांव सुंदर चक्क के पास पहुंची तो अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। बस में सवार सभी लोग सहम गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे को आधा घंटा बीत जाने के बाद भी एंबुलेंस और स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर नहीं पहुंची है। हादसे के पीछे का कारण न ड्राइवर और न ही कंडक्टर बता पाए हैं। आसपास के लोग घायलों की मदद में जुटे हैं।

# अमृतसर में पांच नशा तस्कर गिरफ्तार : आरोपियों का फ्रांस और पाकिस्तान से कनेक्शन; ज्वेलर भी कर रहा था स्मगलिंग

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** अमृतसर पुलिस ने पांच नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सवा दो किलो हेरोइन, एक लाख पांच हजार रुपये ड्रग मनी, एक ग्लॉक पिस्टल और एक क्रूज कार बरामद की गई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि यह सभी आरोपी गुरदासपुर और फतेहगढ़ चूड़ियां एरिया के रहने वाले हैं। सभी आरोपी लंबे समय से ड्रग्स स्मगलिंग के धंधे से जुड़े हुए थे।

इस गिरोह का मुख्य सरगना कर्मवीर सिंह हैं। आरोपी कर्मवीर सिंह यूएस भागने की फिराक में था, लेकिन रास्ते से ही डिपोर्ट हो गया था। डिपोर्ट होने के बाद आरोपी ने अपने एरिया के कुछ लोग जो फ्रांस में रह रहे हैं उनके साथ टाईअप कर पाकिस्तान के नशा तस्करों के संपर्क बनाया और सीमा पार से नशे की खेप मंगवाकर आगे सप्लाई कर रहा था। पुलिस ने आरोपी कर्मवीर को सबसे पहले गिरफ्तार किया और गुरदासपुर के बॉर्डर एरिया के गांव दोरांगला से खेतों में दबाई गई एक किलो हेरोइन बरामद की। इसके अवाला आरोपियों में कीरतपाल सिंह उर्फ कीरत, सुखदीप सिंह उर्फ सुख, प्यारा सिंह और पंकज वर्मा उर्फ बबलू शामिल हैं। कीरतपाल सिंह के खिलाफ बटाला में आर्म्स एक्ट के तहत पहले भी केस दर्ज है। आरोपी 12वीं पास है और 18 साल इसकी उम्र है। गिरोह का किनपिन कर्मवीर सिंह है, जो 21 साल का है। खास बात यह है कि आरोपी पंकज वर्मा पेशे से ज्वेलर है।

आरोपी के खिलाफ हरियाणा के पंचकूला के पिंजौर पुलिस स्टेशन में डकैती और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है। आरोपी पंकज वर्मा से पुलिस ने सवा दो सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है।




# जिमखाना क्लब में ऑफ़िसर वाइफ क्लब द्वारा वैलेंटाइन डे का जश्न

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जिमखाना क्लब में ऑफ़िसर वाइफ क्लब द्वारा वैलेंटाइन डे धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन का नेतृत्व मैडम प्रीति बाजवा जी ने किया। सभी सदस्य रेड और ब्लैक ड्रेस कोड में शामिल हुए, जिससे माहौल और भी खास बन गया।





कार्यक्रम की शुरुआत डॉक्टर परमिंदर द्वारा वैलेंटाइन डे के महत्व पर प्रकाश डालने से हुई। इसके बाद वैलेंटाइन डे से जुड़ी कई मनोरंजक गेम्स आयोजित की गईं, जिनमें सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खास आकर्षण का केंद्र कैटवॉक रहा, जहां प्रतिभागियों ने रैंप पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने डांस और अन्य मनोरंजक गतिविधियों के जरिए उत्सव का आनंद लिया। इस मौके पर जॉइंट सेक्रेटरी डॉक्टर परमजोत कौर, फाइनेंस सेक्रेटरी नीलू तेखर, डॉक्टर परमिंदर और फूड सेक्रेटरी बेबी काहलों भी उपस्थित रहे।

## विशेष पुरस्कार विजेता

अंजू संधू, सुमन वर्मा, दलबीर, गुरमीत कौर, रेनू महाजन, पूनम सहोता, रेखा सहोता सहित कई सदस्यों ने पुरस्कार जीते।

# मोगा में दिनदहाड़े चली गोलियांः पंच के घर पर बदमाशों ने की फायरिंग, डेढ़ साल पहले विदेश से लौटे थे बलोर सिंह

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** पंजाब के मोगा में दिनदहाड़े फायरिंग की घटना हुई है। मोगा के के गांव डाला में गोलियां चलने से सनसनी फैल गई। बुधवार दोपहर लगभग एक बजे पंचायत पंचायत मेंबर (पंच) के घर पर बाइक सवार दो बदमाशों ने गोलिया चलाई और मौके से फरार हो गए। बदमाशों ने एक के बाद एक चार राउंड फायर किए हैं। इस घटना से गांव के लोग सहम गए हैं। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार पंच बलोर सिंह के घर पर दोपहर में गोलियां चलाई गई। बलोर सिंह ने बताया कि दोपहर में वह घर पर थे। करीब एक बजे मोटरसाइकल पर दो अज्ञात युवक आए और घर के



गेट पर 4 राउंड फायरिंग की। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोपियों की बाइक पर कोई नंबर प्लेट भी नहीं थी।

बदमाशों ने कपड़े से अपने मुंह ढके हुए थे। बलोर सिंह ने कहा कि उनकी किसी के साथ दुश्मनी या रंजिश नहीं है। डेढ़ साल पहले वह विदेश से लौटकर गांव में ही रहने लगे हैं। इस बार वह पंचायत के मेंबर बने हैं।

वहीं, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। वहीं पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाल रही है। पुलिस ने पंच बलोर सिंह के बयान के आधार पर फिलहाल अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# CM मान जालंधर शिफ्ट कर सकते हैं घरः 177 साल पुराने मकान में तैयारियां शुरू, पहले डिवीजन कमिश्नर रहते थे



**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान जल्द बारादरी में स्थित 177 साल पुराने मकान में शिफ्ट हो सकते हैं। उक्त 177 साल पुराने मकान का नंबर-1 है। ये वही घर है, जहां पर पहले डिवीजन कमिश्नर का घर था। अब इसे मुख्यमंत्री भगवंत मान के लिए तैयार किया जा रहा है।

इस आवास में अब नए सोफे लगने शुरू हो गए हैं।

बैडमिंटन और वॉलीबॉल कोर्ट भी तैयार किए जा रहे हैं। दोनों जगहों पर जाल लगा दिए गए हैं। भवन तैयार करने का काम जोरों पर है। तैयारियों को देखते हुए कयास लगाए जा रहे हैं कि मुख्यमंत्री जल्द ही यहां रहने आ सकते हैं।

**शहर से बाहर मकान होने के चलते लिया फैसला :** गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने फिलहाल जालंधर कैंट में एक मकान किराए पर ले रखा है। जालंधर पश्चिम विधानसभा सीट पर उपचुनाव के दौरान मुख्यमंत्री अक्सर वहां मौजूद थे। उस समय मुख्यमंत्री ने दोआबा और माझा के लोगों से वादा किया था कि वह सप्ताह में एक या दो दिन जालंधर जरूर आएंगे, ताकि यहां के लोगों को अपने काम के लिए चंडीगढ़ न जाना पड़े।

छावनी क्षेत्र में मुख्यमंत्री का आवास शहर से थोड़ा बाहर है, इसलिए उनके लिए शहर में ही आवास की तलाश की गई। ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो। इसके बाद मुख्यमंत्री के लिए किराए के मकान की जगह संभागीय आयुक्त आवास तैयार करने की योजना बनाई गई। पिछले 177 सालों में इस घर में 140 कमिश्नर रह चुके हैं।

### इन सुविधाओं से लैस होगा नया आवास

बारादरी में स्थित इस ऐतिहासिक इमारत में 4 ड्राइंग रूम, 4 शयनकक्ष, 3 कार्यालय कक्ष, एक बरामदा और सहायक कर्मचारियों के लिए 10 कमरों वाले पारिवारिक 2 फ्लैट भी हैं। घर के सामने एक बड़ा बगीचा है। इसके पीछे जालंधर का प्रसिद्ध क्लब जिमखाना है। मुख्यमंत्री के लिए नया फर्नीचर लगाया जा रहा है। पिछले 177 वर्षों में 140 आयुक्त इस भवन में रह चुके हैं। CM मान जालंधर शिफ्ट कर सकते हैं घर 177 साल पुराने मकान में तैयारियां शुरू, पहले डिवीजन कमिश्नर रहते थे।

# अब रेंट एग्रीमेंट की भी रजिस्ट्री करवाने की तैयारी में सरकार

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** मकान मालिकों और किराएदारों से जुड़ी अहम खबर सामने आ रही है। खबर यह है कि अब रेंट एग्रीमेंट की भी रजिस्ट्री होगी। इसके लिए स्टाम्प शुल्क बेहद कम रखा जाएगा। इस प्रावधान को उत्तर प्रदेश में योगी सरकार लागू करने जा रही है।?स्टांप और पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने कहा कि रेंट का रजिस्ट्रेशन कराए जाने से मकान मालिक और किरायेदार के बीच विवाद के मामलों में कमी आएगी।




दोनों पक्ष के हितों को सुरक्षित रखने के तहत यह कदम उठाया जा रहा है। मौजूदा रेंट एग्रीमेंट एक्ट में प्रावधान है कि 1 साल के रेंट एग्रीमेंट पर किराये का 2 फीसदी स्टाम्प शुल्क लगेगा जबकि नई नीति के बाद एक साल तक के एग्रीमेंट पर किराये का 2 फीसदी स्टाम्प शुल्क लगेगा। इसी प्रकार अब 5 साल के रेंट एग्रीमेंट पर 3 वर्ष के किराये का 2 फीसदी शुल्क है। फैसला लागू होने पर पांच लाख रुपये तक के किराये पर महज 5000 रुपये स्टाम्प शुल्क लगेगा। एक करोड़ या इससे ज्यादा के किराये पर केवल 20000 रुपये स्टाम्प शुल्क होगा।

# जालंधर में नशा तस्करी मामले में 2 गिरफ्तार, यूपी - मध्य प्रदेश से नशा लाकर पंजाब में करते थे सप्लाई



**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** जालंधर पुलिस ने हेरोइन की सप्लाई करने आए 2 तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान लवप्रीत सिंह, कुलविंदर सिंह के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए एसीपी परमजीत सिंह ने कहा कि उनकी टीम की तरफ़ से भगत सिंह कॉलोनी के वाई पॉइंट पर नाकाबंदी लगाकर चैकिंग की जा रही थी।

इस दौरान गुप्त सूचना के आधार पर उनकी टीम ने चैकिंग के दौरान 2 लोगों को संदिग्ध स्थिति में देखा और उन्हें रोकर तलाशी ली गई।

**आरोपियों के कब्जे से 30 ग्राम हेरोइन बरामद**

वही तालाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना-1 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। एसीपी ने बताया कि लवप्रीत सिंह फौज में तैनात था और काफी समय से गैर हाजिर चल रहा था। जबकि लवप्रीत का साथी कुलविंदर कोई काम नहीं करता।

**यूपी - मध्य प्रदेश से नशा लाकर पंजाब में सप्लाई करते**

जांच के दौरान पता चला है कि दोनों यूपी और मध्य प्रदेश से नशा लाकर पंजाब के अलग-अलग शहरों में सप्लाई करते है। आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# कपूरथला में दोस्त को उतारा मौत के घाटः हथियार के साथ किए वार, दो महीने पहले विदेश से लौटा था जसविंदर

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब के कपूरथला के सुल्तानपुर लोधी में युवक की हत्या से सनसनी फैल गई है। दुबई से आए एक युवक की उसके करीबी दोस्तों ने तेजधार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान जसविंदर सिंह (29) निवासी जालंधर के थाना लोहियां के गांव कुतबेवाल के तौर पर हुई है। जसविंदर सिंह दो माह पहले ही दुबई से लौटा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक जसविंदर सिंह के भाई हरविंदर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार को जसविंदर सिंह घर पर था। रात को उसके दोस्त घर पर आए और अपनी गाड़ी में बिठाकर साथ ले गए। उसके एक दोस्त ने रात 10 बजे परिवार को रात फोन करके बताया कि जसविंदर सिंह घायल पड़ा हुआ है, उसका इलाज करवा लो।



इसके बाद घरवाले बेटे को ढूंढते हुए घटना स्थल पर पहुंचे, तो देखा कि जसविंदर सिंह लहूलुहान हालत में गांव जब्बोवाल -रामे मार्ग के खेतों में पड़ा हुआ था। उसपर तेजधार हथियार से वार किए गए थे। जसविंदर सिंह को तुरंत इलाज के लिए सिविल अस्पताल सुल्तानपुर लोधी पहुंचाया गया। जहां कुछ देर बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों ने बेटे की हत्या का आरोप उसके दोस्तों पर लगाया है और उन्हें गिरफ्तार कर पुलिस से न्याय की मांग की है। उधर, घटना की सूचना मिलते ही सुल्तानपुर लोधी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर हरगुरदेव सिंह पुलिस पार्टी के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिवार को सौंप दिया है।

# खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन में एक और किसान की मौत, फतेहगढ़ साहिब का था रहने वाला

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** पंजाब-हरियाणा सीमा पर शंभू व खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन में शामिल एक और किसान की मौत हो गई है।



यहां एक किसान की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान 48 साल के चरणजीत सिंह काला पुत्र सरदार मोहर सिंह के रूप में हुई है। मृतक फतेहगढ़ साहिब जिले के बस्सी पठाना के गांव बडवाला का रहने वाला था।

### इलाज के दौरान गई जान

जानकारी के अनुसार मृतक खनौरी मोर्चा से पीजीआई चंडीगढ़ अपनी किडनी की दवा लेने आ रहा था , लेकिन रास्ते में आवारा पशु के सामने आ जाने के कारण यह हादसा हो गया । जिसके बाद मौके पर पहुंची सड़क सुरक्षा बल ने उसे सेक्टर 16 के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# जालंधर में गैंगस्टर पुनीत और लल्ली की कोर्ट में दोबारा पेशी, पुलिस रिमांड लेकर करेगी पूछताछ

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** जालंधर में पूर्व पार्षद सुखमीत डिप्टी, बिजनेसमैन टिंकू व कबड्डी खिलाड़ी संदीप नंगल अंबिया हत्याकांड के आरोपी गैंगस्टर पुनीत और और नरिंदर लल्ली की दोबारा कोर्ट में पेशी की गई। बताया जा रहा है कि देहात पुलिस दोनों आरोपियों को दोबारा रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

**हाल ही में दोनों गैंगस्टरों को किया था अरेस्ट**

बता दें कि गत दिनों शूटर पुनीत और नरिंदर लल्ली के साथ 4 अन्य साथियों को गिरफ्तार किया था।

इस दौरान आरोपियों से 6 विदेशी पिस्तौल और करीब 40 जिंदा कारतूस बरामद किए थे। पुनीत और लल्ली ने गैंगस्टर लक्की पटियाल के कहने पर मिक्की अपहरणकांड में सजा काट कर आए उक्त डिप्टी पर नई दाना मंडी के पास गोलियां चला कर हत्या कर दी गई थी।

### पुरानी रंजिश के चलते मारी थी गोलियां

वहीं पुरानी निजी रंजिश के चलते पुनीत ने साथी नरिंदर लल्ली के साथ मिलकर बिजनेसमैन गुरमीत सिंह टिंकू पर गोलियां चलाई थीं। यह हत्या को सोढल रोड पर स्थित प्रीत नगर में अंजाम दिया गया था।

इस घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी कौशल चौधरी, नीरज बवाना व दविंदर बंबीहा गैंग के शार्प शूटर पुनीत और लल्ली पुलिस की गिरफ्तार से बाहर थे। दोनों आरोपियों ने 20 जून 2021 में डिप्टी हत्याकांड को अंजाम दिया था।



आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247







# आतंकियों के निशाने पर था PM मोदी का प्लेन, मुंबई पुलिस को आया था फोन

**जालंधर (हर्ष शर्मा):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों फ्रांस और अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर हैं। यात्रा के लिए रवाना होते समय PM मोदी कथित तौर पर आतंकवादियों के निशाने पर थे। मुंबई पुलिस ने बुधवार को इकी जानकारी दी।

मुंबई पुलिस के हवाले से बताया, पुलिस कंट्रोल रूम में 11 फरवरी को एक कॉल आई थी, जिसमें उन्हें कहा गया था कि आतंकवादी प्रधानमंत्री के विमान पर हमला कर सकते हैं।

ANI की रिपोर्ट के अनुसार, धमकी का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने तुरंत संबंधित सुरक्षा एजेंसियों को सूचित किया और उनके रवाना होने से पहले स्थिति का आकलन करने के लिए जांच शुरू की गई। मुंबई पुलिस ने एक बयान में कहा, '11 फरवरी को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में एक कॉल आई थी, जिसमें चेतावनी दी गई थी कि विदेश यात्रा पर जाने के दौरान आतंकवादी प्रधानमंत्री मोदी के विमान पर हमला कर सकते हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अन्य एजेंसियों को सूचित किया और जांच शुरू की।' अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।




## प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस, अमेरिका यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को फ्रांस पहुंचे और उनके आगमन पर भारतीय प्रवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने AI एक्शन समिट और 14वें भारत-फ्रांस सीईओ फोरम को संबोधित किया।

बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस में AI एक्शन समिट के दौरान गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई से मुलाकात की, जहां उन्होंने AI द्वारा भारत में लाए जाने वाले 'अविश्वसनीय अवसरों' पर चर्चा की। भारतीय मूल के 'अल्फाबेट इंक' के CEO सुंदर पिचाई ने इस बात पर भी चर्चा की कि गूगल और भारत देश के 'डिजिटल परिवर्तन' पर कैसे मिलकर काम कर सकते हैं।

# शिमला : बीएड की वार्षिक और सेमेस्टर परीक्षाएं अब 6 मार्च से, शेड्यूल जारी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) बीएड की वार्षिक और सेमेस्टर परीक्षाएं अब 6 मार्च से करवाएगा। विवि ने बीएड कोर्स की परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। परीक्षाएं 17 मार्च तक चलेंगी। विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. श्याम लाल कौशल ने बताया कि परीक्षा शेड्यूल विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। शेड्यूल के अनुसार बीएड की पहले सेमेस्टर और वर्ष की परीक्षाएं 6 से 19 मार्च तक होंगी। 80 अंक वाली परीक्षाएं सुबह 3 से 12 बजे और 40 अंकों वाली परीक्षाएं सुबह 9 बजे से साढ़े दस बजे तक होंगी। तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 6 मार्च से शुरू होकर 17 मार्च तक चलेंगी। इसमें तीसरे सेमेस्टर की 80 अंकों की परीक्षाएं दोपहर दो से पांच बजे और 40 अंकों की परीक्षाएं दो से साढ़े तीन बजे तक करवाई जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि पहले परीक्षाएं 21 फरवरी से आयोजित की जानी थी, लेकिन प्रशिक्षुओं की टीचिंग प्रैक्टिस और कुछ परीक्षार्थियों की नेट परीक्षा के कारण तिथि आगे बढ़ाई गई है। बीएड की वार्षिक और सेमेस्टर परीक्षाओं में विवि से संबद्ध 57 संस्थानों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में करीब 10 हजार से अधिक प्रशिक्षु शामिल होंगे।

# विजीलेंस की रडार पर JDA के SDO अभिषेक ढल्ल, करोड़ों के घोटाले का आरोप, विजीलेंस ने भेजा समन

**जालंधर (पंकज शर्मा) :** जालंधर डेवलपमेंट अथॉरिटी के एसडीओ के खिलाफ विजीलेंस ब्यूरो में शिकायत दर्ज की गई है। आरोप है कि उन्होंने अवैध रूप से कॉलोनी कटवा कर सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचाया। इस मामले में विजीलेंस ब्यूरो ने एसडीओ और शिकायतकर्ता आरटीआई एक्टिविस्ट सिमरनजीत सिंह को समन भेजा है। जानकारी के मुताबिक, आरटीआई एक्टिविस्ट सिमरनजीत सिंह ने जालंधर के वडाला चौक से आगे नकोदर रोड पर स्थित एक कॉलोनी की शिकायत की थी। उनका दावा है कि इस कॉलोनी को गलत तरीके से रेग्युलराइज कर सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान कराया गया।




## सरकार को करोड़ों का नुकसान

शिकायतकर्ता सिमरनजीत सिंह के अनुसार, जेडीए के एसडीओ के अधिकार क्षेत्र में आने वाली इस कॉलोनी को गलत ढंग से मंजूरी दी गई, जिससे सरकारी खजाने को भारी वित्तीय नुकसान हुआ। इस अनियमितता को उजागर करने के लिए उन्होंने विजीलेंस ब्यूरो में शिकायत दर्ज करवाई थी। अब विजीलेंस ब्यूरो ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों को समन भेजकर अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया है।

# शिवसेना पंजाब नेता को मिली जान से मारने की धमकीः अमित अरोड़ा को विदेशी नंबर से आई कॉल, जांच में जुटी पुलिस

**जालंधर (अंशु कपूर) :** कट्टरपंथियों के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर सुर्खियों में रहने वाले शिवसेना पंजाब के नेता अमित अरोड़ा को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। विदेशी नंबर से किसी पंजाबी भाषा में बोलने वाले व्यक्ति ने जहां अमित अरोड़ा को जान से मारने की धमकियां दी, उससे पहले उन्हें गालियां देकर गलत शब्दावली का इस्तेमाल किया गया। अमित अरोड़ा ने सारी कॉल की रिकार्डिंग कर इसकी जानकारी पुलिस के उच्चाधिकारियों को शिकायत दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है कि फोन कहां से आया है। बताया जा रहा है कि किसी विदेशी नंबर से कॉल किया गया था। इससे पहले भी अमित अरोड़ा को कई बार फोन पर धमकियां मिल चुकी है।



कट्टरपंथियों के खिलाफ बयान देकर अमित अरोड़ा पर पहले हमला हो चुका है। उनके पास एनआईए की सिफारिश पर सुरक्षा दी गई है।

उन्हें कई बार पाकिस्तानी नंबर से भी जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं और कई बार अलग-अलग विदेशी नंबरों से धमकी भरे फोन कॉल्स आ चुके हैं। गुजरात पुलिस ने पीछे कुछ आतंकवादियों का भंडाफोड़ किया था तो उसमें भी खुलासा हुआ था कि अमित अरोड़ा उनके निशाने पर थे। बकायदा गुजरात पुलिस लुधियाना आकर अमित अरोड़ा के बयान दर्ज कर ले गई थी। उसके बाद फिर लगातार धमकियां आती रही।

अब एक बार फिर अमित अरोड़ा को धमकियां मिली है। अमित अरोड़ा ने बताया कि ऐसी धमकियां उन्हें कई बार आ चुकी है। वह प्रशासन को इस बारे में बता देते हैं और इस बार भी बता दिया है। बाकी वह कट्टरपंथियों के खिलाफ पहले भी बोलते थे और अब भी बोलते रहेंगे।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247






# दिल्ली चुनाव का पंजाब आप को संदेश: जिन मुद्दों को भूली मान सरकार, वक्त आ गया है उन पर ध्यान देने का



**जालंधर (अंशु कपूर) :** दिल्ली नतीजों पर पंजाब में भी जश्न है। लेकिन जश्न भाजपा की जीत का नहीं बल्कि आप की हार का है। सबसे हैरत वाला पहलू यह है कि आप समर्थक भी पार्टी की हार पर दबी जुबान से खुशी व्यक्त कर रहे हैं, जिससे पार्टी के भीतर का असंतोष सामने आया है। दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर जबरदस्त प्रतिक्रियाओं व कमेंट्स ने साफ किया कि आप के लिए आने वाला समय चुनौतीपूर्ण रहेगा। भविष्य में पंजाब के सियासी मौसम के करवट लेने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

दिल्ली में भाजपा की जीत को राजनीति विश्लेषक पंजाब में नई राजनीति शुरू होने का संकेत मान रहे हैं। जिन वादों व दावों के साथ आप सत्ता में आई थीं, अब उनको तवज्जो मिलने की उम्मीद है। आने वाले दिनों में पंजाब में वीआईपी कल्चर पर लगाम कसती दिख सकती है। वीआईपी कल्चर, पंजाबियों को खासा चुभ रहा है। इसके अलावा नशा, रेत बजरी के बेलगाम दाम और भ्रष्टाचार पर ठोस तरीके से प्रहार हो सकता है।

## कई मोर्चों पर घिरी आप की सरकार

सियासी माहिर सुरिंदर सिंह का मानना है कि दिल्ली हार ने आप से कई मुद्दे ही नहीं छीन लिए हैं बल्कि आप खुद कई मोर्चों पर घिर गई है। मसलन दिल्ली मॉडल, पंजाब के पिछले विधानसभा चुनाव में दिग्गजों की हार समेत भ्रष्टाचार, नशे पर आप खुद घिर गई है। विपक्षी दल अब ज्यादा आक्रामकता दिखाएंगे।

## मुफ्त सुविधाओं पर भारी पड़ेंगे मुद्दे

उन्होंने कहा कि मुफ्त सुविधाओं पर उपरोक्त मुद्दे भारी पड़ सकते हैं। दिल्ली के नतीजे इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। इसके अलावा पंजाब में आप की ओर से मुफ्त बिजली देने के बावजूद लोकसभा चुनाव में उनका वोट शेयर 2022 के 42 फीसदी के मुकाबले 26 फीसदी रह गया था। ऐसे में मुफ्त की योजनाएं ही काफी नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान को अब खुलकर काम करने का अवसर मिल सकता है और वे अपने दम पर पंजाबियों का भरोसा जीत सकते हैं।

वहीं आप के एक नेता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि पार्टी को वक्त रहते संभलना होगा। वर्करों की भावनाओं की कद्र के अलावा जमीनी स्तर पर काम करने पर जोर देना होगा। जिन मुद्दों को लेकर लोगों ने वोट दिए थे उन पर काम करना होगा तभी पंजाबियों का भरोसा जीता जा सकेगा।

# 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में सज्जन कुमार दोषी करार, 18 को सुनाई जा सकती है सजा




**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर यह है कि दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार को दोषी करार दिया है। सज्जन कुमार को सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों की हत्या के लिए दोषी ठहराया गया है। अब 18 फरवरी को सज्जन कुमार की सजा को लेकर बहस होगी। यह केस 1 नवंबर 1984 को दिल्ली के सरस्वती विहार इलाके में एक सिख पिता और बेटे की हत्या से संबंधित है। इस मामले में सज्जन कुमार पर भीड़ का नेतृत्व करने का आरोप है। आरोप है कि उनके उकसावे पर भीड़ ने पिता-पुत्र को जिंदा जला दिया।

इसके बाद पीड़ितों के घर में लूटपाट की गई और घर में मौजूद दूसरे लोगों को घायल कर दिया गया। सज्जन कुमार वर्तमान में दिल्ली कैंट में एक अन्य सिख विरोधी दंगा मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। फैसला सुनाने के लिए सज्जन कुमार को तिहाड़ जेल से अदालत में पेश किया गया। शुरुआत में पंजाबी बाग पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज किया था, लेकिन बाद में एक विशेष जांच दल ने जांच अपने हाथ में ले ली।

# समय रैना की मुश्किलें बढ़ीं

## साइबर पुलिस ने Indias Got Latent के 18 एपिसोड हटाने का दिया आदेश



**जालंधर (अंशु कपूर) :** यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना एक विवाद में फंसते नजर आ रहे हैं। उनके शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में रणवीर इलाहाबादिया द्वारा माता-पिता पर किए गए एक मजाक के बाद से उनका भारी विरोध हो रहा है। अब इस मामले में साइबर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के सभी 18 एपिसोड को यूट्यूब से हटाने का आदेश जारी किया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने यूट्यूब को एक आधिकारिक पत्र लिखा है। इस पत्र में पुलिस ने 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो के सभी 18 विवादित एपिसोड को तत्काल यूट्यूब प्लेटफॉर्म से हटाने और चैनल के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही, यूट्यूब से यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि इस तरह की आपत्तिजनक सामग्री की पहचान कर उसे हटाया जाए। महाराष्ट्र साइबर पुलिस इस मामले में सख्त रुख अपनाए हुए है। इस मामले में अनिल कुमार पांडे नामक व्यक्ति ने साइबर पुलिस में 30 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने पहले शो के सभी एपिसोड की गहन जांच की, जिसके बाद यह मामला दर्ज किया गया। एफआईआर में नामजद 30 लोग शो के जज पैनल का हिस्सा बताए जा रहे हैं। जांच के सिलसिले में पुलिस टीम रणवीर इलाहाबादिया के आवास पर भी पहुंची थी। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर अपूर्वा मखीजा से भी साइबर पुलिस ने दो घंटे तक पूछताछ की है। गौरतलब है कि अपूर्वा मखीजा ने भी शो में कथित तौर पर अभद्र टिप्पणियां की थीं और यहां तक कि एक प्रतिभागी को गाली भी दी थी।

साइबर पुलिस की इस कार्रवाई से यूट्यूबर समुदाय में खलबली मच गई है और इस मामले पर आगे क्या अपडेट सामने आते हैं, यह देखना महत्वपूर्ण होगा।

# लोग काम नहीं करना चाहते क्योंकि उन्हें मुफ्त का राशन मिल रहा: सुप्रीम कोर्ट



**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** आज एक अहम मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के मुफ्त के वादे करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे लोगों की काम करने की इच्छा नहीं होगी क्योंकि उन्हें राशन और पैसे मुफ्त मिलते रहेंगे।


जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ शहरी क्षेत्रों में बेघर व्यक्तियों के आश्रय के अधिकार से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी जस्टिस गवई ने कहा कि दुर्भाग्य से, इन मुफ्त सुविधाओं के कारण लोग काम करने को तैयार नहीं हैं।


उन्हें मुफ्त राशन मिल रहा है। उन्हें बिना कोई काम किए राशि मिल रही है। बेंच ने कहा, 'हम उनके (बेघर लोगों) के लिए आपकी फिक्र की तारीफ करते हैं लेकिन क्या ये बेहतर नहीं होगा कि उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए और उन्हें देश के विकास में योगदान करने दिया जाए।'

केंद्र सरकार के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने अदालत को बताया कि केंद्र सरकार शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। इस मिशन में शहरी बेघर लोगों के लिए आश्रय प्रदान करने सहित विभिन्न मुद्दों का समाधान शामिल होगा।




# डायबिटीज में फायदेमंद हो सकता है शुगर बादाम






दुनिया में करोड़ों लोग हाई ब्लड शुगर की बीमारी से परेशान हैं। इसके अलावा लाखों प्री डायबिटिक हैं, जिन्हें पता ही नहीं कि मधुमेह की बीमारी शुरू होने वाली है। इस बीमारी के साथ एलडीएल कोलेस्ट्रॉल की समस्या होने का खतरा भी बढ़ जाता है। यह नसों को ब्लॉक कर देता है और हार्ट अटैक का कारण बनता है।

इन दोनों समस्याओं को एकसाथ ही खत्म किया जा सकता है। इसके लिए प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है। जिसमें शुगर बादाम भी आता है, जिसे कड़वा बादाम, स्काई फ्रूट और महोगनी के बीज भी कहा जाता है।

## इंसुलिन की नहीं होगी कमी

डॉक्टर ने शुगर बादाम को डायबिटीज कंट्रोल करने वाला बताया। यह पैंक्रियाज में इंसुलिन का उत्पादन बढ़ाता है। इसके सैपोनिन आंतों में ग्लूकोज का अवशोषण कंट्रोल करते हैं।

एक्सपर्ट के मुताबिक इसका नियमित सेवन करने से रक्त शर्करा को काबू रखा जा सकता है।

## बाहर निकलेगा गंदा कोलेस्ट्रॉल

यह फल कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल करता है। यह एक चिपचिपा पदार्थ है जो खून में रहता है। ज्यादा होने पर आर्टरी में जम जाता है और हार्ट डिजीज व स्ट्रोक का खतरा बढ़ाता है। इसमें फ्लेवोनोइड होते हैं, जो ऑक्सीडेशन रोकते हैं और एलडीएल को इकट्ठा नहीं होने देते।



## इम्यूनिटी भी बढ़ेगी

इंफेक्शन और बीमारी से लड़ने का काम इम्यूनिटी करती है। अल्कालोइड की वजह से इस फल का स्वाद कड़वा होता है। यह केमिकल इम्यून सिस्टम को बूस्ट करता है और बीमारी से बचाता है। इसमें इंफ्लामेशन और दर्द कम करने की शक्ति भी होती है।

## कैसे करें इस्तेमाल?

स्काई फ्रूट की चाय बनाकर पी सकते हैं। इसके लिए कुछ बीजों को 15 मिनट तक पानी में उबालें। इस ड्रिंक को दिन में एक या दो बार खाने से पहले पी सकते हैं। इसके अलावा इन बीजों का पाउडर बना लें और थोड़ी मात्रा लेकर शहद या पानी के साथ लें। इस मिक्सचर को भी दिन में एक या दो बार ले सकते हैं। हालांकि डायबिटीज के मरीज शहद का इस्तेमाल ना करें।

## कुछ सावधानी रखें ध्यान

वैसे तो इसका सेवन सुरक्षित है। लेकिन डॉक्टर ने कुछ दवा या स्थिति में इसके आशंकित दुष्प्रभाव बताए हैं। जिनमें जी मिचलाना, डायरिया, सिरदर्द, एलर्जिक रिएक्शन हो सकता है। इसलिए इसका सेवन करने से पहले किसी डॉक्टर या आयुर्वेदिक एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।



# सीने में जलन से लेकर जी घबराने तक, Heart Attack के इन 8 वॉर्निंग साइन्स को भूलकर भी न करें अनदेखा



हार्ट अटैक यानी दिल का दौरा एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जो अचानक हो सकती है और ज्यादातर मामलों में जानलेवा भी साबित हो सकती है। यह तब होता है जब दिल तक ब्लड फ्लो में रुकावट हो जाती है, जिससे दिल की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचता है।

हार्ट अटैक के कुछ लक्षण साफ होते हैं, जबकि कुछ अनदेखे रह सकते हैं। यह जानना जरूरी है कि हार्ट अटैक के वॉर्निंग साइन्स क्या हैं, ताकि समय रहते इलाज किया जा सके। यहां हार्ट अटैक के 8 प्रमुख वॉर्निंग साइन्स बताए गए हैं। आइए जानें इनके बारे में।

## सीने में दर्द या बेचैनी (चेस्ट पेन)

हार्ट अटैक का सबसे आम लक्षण सीने में दर्द या बेचैनी है। इसे अक्सर दबाव, जकड़न, भारीपन या जलन के रूप में महसूस किया जाता है। यह दर्द आमतौर पर सीने के बीच में होता है और कुछ मिनटों से ज्यादा समय तक रह सकता है। कभी-कभी यह दर्द गर्दन, बाईं तरफ के जबड़े, कंधे, पीठ या बांहों तक फैल सकता है। हालांकि, सीने में दर्द कई बार गैस की वजह से भी हो सकती है।

**सांस लेने में तकलीफ ( शॉर्टनेस ऑफ ब्रेथ ) :** सीने में दर्द के साथ या बिना, सांस लेने में तकलीफ हार्ट अटैक का एक मुख्य संकेत हो सकता है। यह समस्या तब होती है जब दिल ठीक से काम नहीं कर पाता और फेफड़ों तक सही मात्रा में ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती। अगर आपको बिना किसी मेहनत के सांस लेने में दिक्कत हो रही है, तो यह हार्ट अटैक का संकेत हो सकता है।

**पसीना आना ( स्वेटिंग ) :** अचानक ठंडा पसीना आना हार्ट अटैक का एक और वॉर्निंग साइन है। यह पसीना आमतौर पर तनाव या गर्मी के कारण नहीं होता, बल्कि शरीर के अंदर हो रही गड़बड़ी का संकेत हो सकता है। अगर आपको बिना किसी कारण के पसीना आ रहा है, तो इसे नजरअंदाज न करें।

**चक्कर आना या बेहोशी ( डिजीनेस या फेन्टिंग ) :** हार्ट अटैक के दौरान दिल की काम करने की क्षमता कम हो जाती है, जिससे दिमाग तक भरपूर ब्लड नहीं पहुंच पाता और ब्लड प्रेशर कम होने लगता है।

इससे चक्कर आना, सिर हल्का महसूस होना या बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। अगर आपको अचानक चक्कर आ रहे हैं, तो यह दिल से संबंधी समस्या का संकेत हो सकता है।

## मतली या उल्टी (नॉजिया या वॉमिटिंग)

हार्ट अटैक के दौरान कुछ लोगों को मतली, उल्टी या पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। यह लक्षण अक्सर महिलाओं में ज्यादा देखा जाता है। अगर आपको बिना किसी साफ कारण के मतली या उल्टी हो रही है, तो इसे गंभीरता से लें। इसके अलावा, कई लोगों को हार्ट अटैक से पहले अपच या सीने में जलन भी महसूस हो सकती है।

## थकान (फटीग)

अगर आपको बिना किसी मेहनत के बहुत ज्यादा थकान महसूस हो रही है, तो यह हार्ट अटैक का संकेत हो सकता है। यह थकान आमतौर पर कुछ दिनों या हफ्तों पहले से शुरू हो सकती है और धीरे-धीरे बढ़ सकती है। महिलाओं में यह लक्षण ज्यादा देखा जाता है।

## बांह, गर्दन या जबड़े में दर्द

हार्ट अटैक के दौरान दर्द सीने से शुरू होकर बांह, गर्दन, जबड़े या पीठ तक फैल सकता है। यह दर्द आमतौर पर बाएं हाथ में ज्यादा महसूस होता है, लेकिन दाएं हाथ में भी हो सकता है। अगर आपको इन क्षेत्रों में अचानक दर्द हो रहा है, तो यह भी हार्ट अटैक का संकेत हो सकता है।

## अनियमित दिल की धड़कन (इर्रेगुलर हार्टबीट)

अगर आपको अपने दिल की धड़कन में अनियमितता महसूस हो रही है, तो यह हार्ट अटैक का संकेत हो सकता है। इसे अक्सर पैल्पिटेशन कहा जाता है, जिसमें दिल तेजी से धड़कता है या धड़कन छूटती हुई महसूस होती है। यह लक्षण गंभीर हो सकता है और तुरंत डॉक्टर से कॉन्टेक्ट करना जरूरी है।




# वैद्य नवनीत कपूर ने बताया खांसी का घरेलू उपाय

**गर्मियों** का मौसम शुरू हो रहा है और इन दिनों सुबह-शाम ठंडी हवाएं चल रही है। जैसे-जैसे मौसम बदलता है, खांसी की समस्या भी बढ़ जाती है। हालांकि खांसी एक आम समस्या है, लेकिन यह आपके रोजमर्रा के कामकाज को प्रभावित कर सकती है। अस्थमा के मरीजों को भी खांसी की तकलीफ ज्यादा होती है।

हल्की खांसी तो सहन हो जाती है, लेकिन जब यह बढ़ जाती है, तो बहुत परेशानी हो सकती है। खासकर सूखी खांसी सबसे ज्यादा परेशान करती है। खांसी के लिए बार-बार दवाओं का सेवन ठीक नहीं है। ऐसे में आप खांसी के लिए घरेलू उपचार आजमा सकते हैं। वैद्य नवनीत कपूर जी आपको खांसी का एक उपाय बता रहे हैं।





## बार-बार दवा लेना सही नहीं



खांसी होने पर ज्यादातर लोग कफ सिरप या दवाइयों का सहारा लेते हैं, लेकिन बार-बार इनका इस्तेमाल करने से शरीर पर बुरा असर पड़ सकता है। ऐसे में खांसी और अस्थमा के लक्षणों को कम करने के लिए प्राकृतिक इलाज बेहतर विकल्प हो सकता है। आयुर्वेद में ऐसे कई जड़ी-बूटियां हैं जो खांसी से राहत दिलाने में कारगर होती हैं।

## अडूसा (वसाका) खांसी का बेहतरीन घरेलू इलाज

वैद्य नवनीत कपूर जी के अनुसार, अडूसा का पौधा (जिसे वसाका भी कहा जाता है) खांसी के लिए बहुत फायदेमंद है। पुराने जमाने में हमारी दादी-नानी भी इसका इस्तेमाल करती थीं। यह प्राकृतिक रूप से कफ को दूर करने में मदद करता है और गले की खराश को कम करता है। सर्दी, खांसी और फ्लू के लक्षणों से राहत पाने के लिए यह एक बेहतरीन उपाय है।



## अडूसा का काढ़ा

*अगर आप जूस नहीं पीना चाहते, तो अडूसा का काढ़ा बना सकते हैं।*

- इसे बनाने के लिए एक बर्तन में 4 कप पानी लें।
- इसमें 5 तुलसी के पत्ते और 2 अडूसा के पत्ते डालें।
- आधा चम्मच गुड़ डालकर अच्छी तरह उबाल लें।
- जब पानी आधा रह जाए, तो इसे छानकर गुनगुना पिएं।

## खांसी का घरेलू इलाज

### छाती का भारीपन होगा कम, अस्थमा और ब्रोंकाइटिस में फायदेमंद

खांसी के कारण अगर छाती में जकड़न या भारीपन महसूस हो रहा है, तो अडूसा इसे कम करने में मदद करता है। यह बंद नाक और सांस लेने में तकलीफ को भी दूर कर सकता है। इसके अलावा अडूसा के पत्तों में ऐसे औषधीय गुण होते हैं जो कफ को कम करते हैं और अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, साइनसाइटिस जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करते हैं।

## अडूसा का उपयोग कैसे करें?

**अडूसा का जूस :** अडूसा के पत्तों का रस खांसी और अस्थमा के लक्षणों को कम करने में बहुत असरदार होता है। इसके लिए अडूसा के पत्तों को पीसकर रस निकालें और रोजाना सुबह खाली पेट 5-10ml जूस पिएं।



# वेट लॉस करने के लिए रोजाना कर रहे हैं वॉकिंग, तो यहां जानें किस उम्र में कितना चलना है जरूरी

सेहतमंद रहने के लिए हेल्दी डाइट के साथ-साथ एक्सरसाइज भी बेहद जरूरी होती है। हालांकि, रोजाना जिम जाकर वर्कआउट करना या घंटों कसरत करना हर किसी के लिए मुमकिन नहीं हो पाता। ऐसे में वॉक करना एक आसान तरीका है, बिना मेहनत खुद को फिजिकली फिट और एक्टिव रखने का।

वॉकिंग एक प्रभावी तरीका है, जो सभी उम्र के लोगों के लिए असरदार और फायदेमंद होता है। ज्यादातर लोग वजन घटाने के लिए इसे अपनी रूटीन में शामिल करते हैं। यह एक ऐसा वर्कआउट है, जिसे आसानी से बिना किसी डिवाइस के कभी भी कहीं भी किया जा सकता है।

हालांकि, आपकी गति, तीव्रता और चलने के मिनट काफी हद तक आपकी उम्र पर निर्भर करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे आपको अपनी उम्र के अनुसार कितने मिनट चलना चाहिए :



## 18 से 40 साल के लोग

अगर आप एक वयस्क हैं यानी अगर आपकी उम्र 18 से 40 साल के बीच है, तो हफ्ते में पांच दिन 45 से 60 मिनट तक तेजी से चलना चाहिए। चलने की यह अवधि आपके हार्ट हेल्थ को बेहतर बनाती है, मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देती है और कैलोरी को ज्यादा अच्छे से बर्न करने में मदद करती है। 40 से कम उम्र के लोगों को रोजाना 10,000 कदम तेज चलने का टारगेट रखना चाहिए, ताकि ज्यादा कैलोरी बर्न हो सके और वेट लॉस में मदद मिले।

## 40 से ज्यादा उम्र के लोग

40 से 50 साल की उम्र तक आते-आते लोगों का मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है। ऐसे में इस उम्र के लोगों को रोजाना मीडियम स्पीड से 30 से 45 मिनट की सैर करना फायदेमंद हो सकता है। साथ ही स्ट्रेंथ वर्कआउट या पगडंडियों जैसे विभिन्न इलाकों पर चलने से फायदे बढ़ सकते हैं।

उम्र के इस पड़ाव पर जोड़ों के स्वास्थ्य को बनाए रखना जरूरी हो जाता है और इसलिए इस दौरान सही जूते पहनना और समतल सतहों पर चलना जरूरी है।

## 60 साल से ज्यादा उम्र के लोग

60 साल से ज्यादा उम्र के सीनियर सिटीजन का टारगेट वजन कम करने से ज्यादा खुद को फिजिकली एक्टिव और संतुलन बनाए रखना होता है।

इसके लिए स्थिर, आरामदायक गति से रोजाना 20 से 30 मिनट तक वॉक करना सही है। चोट या किसी भी समस्या से बचने के लिए, सही पोश्चर बनाए रखना और ज्यादा एक्सरसाइज से बचना महत्वपूर्ण है। 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए सक्रिय रहना और अपना वजन नियंत्रित करने के लिए पैदल चलना अभी भी एक सुरक्षित और प्रभावी तरीका है।